# VIDYA ICS

*We Nurture Dreams...*

## भारत का संविधान

### उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**
प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में** व्यक्ति की गरिमा और
**राष्ट्र की एकता और अखंडता**
**सुनिश्चित** करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हज़ार छह विक्रमी) को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

| | मूल संविधान | वर्तमान संविधान |
|---|---|---|
| भाग | 22 | 25 |
| अनुसूचियाँ | 8 | 12 |
| अनुच्छेद | 395 | 470 (लगभग) |

# भारतीय संविधान : एक नजर में

## संविधान की अनुसूचियाँ व भाग

**भारतीय संविधान 22 भागों में विभाजित है तथा इसमें 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं।**

## अनुसूचियाँ

**संविधान की अनुसूचियाँ**

| अनुसूचियाँ | विषय | संबद्ध अनुच्छेद |
|---|---|---|
| **प्रथम अनुसूची** | 1. राज्यों के नाम एवं उनके राज्यक्षेत्र<br>2. संघ राज्यक्षेत्रों के नाम और उनकी सीमाएँ | अनुच्छेद 1 तथा 4 |
| **दूसरी अनुसूची** | निम्नलिखित पदाधिकारियों के वेतन, भत्तों तथा पेंशन आदि से जुड़े प्रावधान<br>(i) भारत का राष्ट्रपति<br>(ii) राज्यों के राज्यपाल<br>(iii) लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष<br>(iv) राज्यसभा के सभापति और उप-सभापति<br>(v) राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष<br>(vi) राज्य विधानपरिषदों के सभापति और उप-सभापति<br>(vii) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश<br>(viii) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश<br>(ix) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक | अनुच्छेद 59 (3), 65 (3), 75 (6), 97,125,148 (3),158 (3), 164 (5), 186 एवं 221 |
| **तीसरी अनुसूची** | इसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों तथा प्रत्याशियों द्वारा ली जाने वाली शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप दिए गए हैं–<br>(i) संघ के मंत्री<br>(ii) संसद के चुनावों के प्रत्याशी<br>(iii) संसद के सदस्य<br>(iv) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश<br>(v) भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक<br>(vi) राज्यों के मंत्री<br>(vii) राज्य विधानमंडल के चुनावों के प्रत्याशी<br>(viii) राज्य विधानमंडल के सदस्य<br>(ix) उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश | अनुच्छेद 75 (4), 84 (क), 99, 124 (6), 148 (2), 164 (3), 173 (क), 188 एवं 219 |
| **चौथी अनुसूची** | राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के लिए राज्यसभा में स्थानों का आवंटन | अनुच्छेद 80 (2) |
| **पाँचवीं अनुसूची** | अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन तथा नियंत्रण से जुड़े प्रावधान। | अनुच्छेद 244 (1) |
| **छठी अनुसूची** | असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध। | अनुच्छेद 244 (2) एवं 275 (1) |
| **सातवीं अनुसूची** | संघ –सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती-सूची में शामिल विषय। (मूल संविधान में इन सूचियों में क्रमश: 97, 66 तथा 47 विषय थे, पर वर्तमान 100 (संघ-सूची), 61 (राज्य सूची) तथा 52 (समवर्ती-सूची) विषय हैं। | अनुच्छेद 246 |
| **आठवीं अनुसूची** | संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओं की सूची। वर्तमान में ये 22 भाषाएँ हैं, जो मूल संविधान में 14 थी। ये भाषाएँ हैं-<br>असमिया, बांग्ला, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिशा, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु तथा उर्दू।<br>21वें संविधान संशोधन अधिनियम 1967 के द्वारा सिंधी (15वीं) भाषा को शामिल किया गया। | अनुच्छेद 344(1) एवं 351 |

| | | |
|---|---|---|
| | 71वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा नेपाली, मणिपुरी एवं कोंकणी भाषाएँ शामिल की गई। 92वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के द्वारा बोडो, डोगरी, मैथिली एवं संथाली भाषाओं को शामिल किया गया। | |
| **नौवीं अनुसूची** | इस अनुसूची को पहले संविधान संशोधन अधिनियम (1951) द्वारा जोड़ा गया था। इसका उद्देश्य यह था कि भूमि सुधारों तथा ज़मींदारी उन्मूलन के लिए बनाए जाने वाले अधिनियमों, नियमों, विनियमों आदि को न्यायालय के पुनर्विलोकन की शक्ति से बाहर किया जा सके। इसमें वर्तमान में 284 प्रविष्टियाँ हैं, जो कई संविधान संशोधनों द्वारा शामिल की गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 'वामन राव' के मामले (1981) में यह स्पष्ट कर दिया है कि 24 अप्रैल, 1973 (केशवानंद भारती मामले के निर्णय की तिथि) के बाद नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने वाले अधिनियमों आदि की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। | अनुच्छेद 31(ख) |
| **दसवीं अनुसूची** | इसमें दल-बदल के आधार पर संसद और विधानसभा के सदस्यों की निरर्हता से संबंधित उपबंध हैं। इस अनुसूची को 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा जोड़ा गया था। 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा इसमें संशोधन भी किया गया है। इसे 'दल-बदल विरोधी कानून' भी कहा जाता है। | अनुच्छेद 102(2) एवं 191(2) |
| **ग्यारहवीं अनुसूची** | इसमें पंचायतों की शक्तियाँ व ज़िम्मेदारियाँ बताई गई हैं। इसमें 29 विषय हैं। इस अनुसूची को 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा जोड़ा गया था। | अनुच्छेद 243(छ) |
| **बारहवीं अनुसूची** | इसमें नगरपालिकाओं की शक्तियाँ व जिम्मेदारियाँ बताई गई हैं। इसमें 18 विषय हैं। इस अनुसूची को 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा जोड़ा गया था। | अनुच्छेद 243(ब) |

## भाग

| भाग | विषय | अनुच्छेद |
|---|---|---|
| भाग 1 | संघ और उसके क्षेत्र | (अनुच्छेद 1-4) |
| भाग 2 | नागरिकता | (अनुच्छेद 5-11) |
| भाग 3 | मौलिक अधिकार | (अनुच्छेद 12 - 35) |
| भाग 4 | राज्य के नीति निदेशक तत्त्व | (अनुच्छेद 36 - 51) |
| भाग 4A | मूल कर्तव्य | (अनुच्छेद 51A) |
| भाग 5 | संघ | (अनुच्छेद 52-151) |
| भाग 6 | राज्य | (अनुच्छेद 152 -237) |
| भाग 7 | संविधान (सातवाँ संशोधन) अधिनियम, 1956 द्वारा निरसित | (अनुचछेद 238) |
| भाग 8 | संघ राज्य क्षेत्र | (अनुच्छेद 239-242) |
| भाग 9 | पंचायत | (अनुच्छेद 243- 243O) |
| भाग 9A | नगरपालिकाएँ | (अनुच्छेद 243P - 243ZG) |
| भाग 10 | अनुसूचित जाति और जनजाति क्षेत्र | (अनुच्छेद 244 - 244A) |
| भाग 11 | संघ और राज्यों के बीच सम्बन्ध | (अनुच्छेद 245 - 263) |
| भाग 12 | वित्त, सम्पत्ति, संविदाएँ और वाद | (अनुच्छेद 264 -300A) |
| भाग 13 | भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य और समागम | (अनुच्छेद 301 - 307) |
| भाग 14 | संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ | (अनुच्छेद 308 -323) |
| भाग 14A | अधिकरण | (अनुच्छेद 323A - 323B) |
| भाग 15 | निर्वाचन | (अनुच्छेद 324 -329A) |

| | | |
|---|---|---|
| भाग 16 | कुछ वर्गों के लिए विशेष उपबन्ध सम्बन्ध | (अनुच्छेद 330- 342) |
| भाग 17 | राजभाषा | (अनुच्छेद 343- 351) |
| भाग 18 | आपात उपबन्ध | (अनुच्छेद 352 - 360) |
| भाग 19 | प्रकीर्ण | (अनुच्छेद 361 -367) |
| भाग 20 | संविधान में संशोधन | अनुच्छेद 368 |
| भाग 21 | अस्थायी संक्रमणकालीन और विशेष उपबन्ध | (अनुच्छेद 369 - 392) |
| भाग 22 | संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन | (अनुच्छेद 393 - 395) |

## अनुच्छेद

### भाग-1- संघ और उसका राज्य क्षेत्र (अनुच्छेद 1 से 4 तक)

| **अनुच्छेद-1** | **संघ का नाम और राज्य क्षेत्र** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-2** | नए राज्यों का प्रवेश या स्थापना |
| **अनुच्छेद-2A** | सिक्किम का संघ के साथ सहयुक्त किया जाना |
| **अनुच्छेद-3** | नए राज्यों का निर्माण और वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन |
| **अनुच्छेद-4** | पहली अनुसूची और चौथी अनुसूची के संशोधन तथा अनुपूरक, आनुषंगिक और पारिणामिक विषयों का उपबंध करने के लिए अनुच्छेद-2 और अनुच्छेद-3 के अधीन बनाई गई विधियाँ |

### भाग-2- नागरिकता (अनुच्छेद 5 से 11 तक)

| **अनुच्छेद-5** | **संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-6** | पाकिस्तान से भारत को प्रवजन करने वाले कुछ व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार |
| **अनुच्छेद-7** | पाकिस्तान से भारत को प्रवजन करने वाले कुछ व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार |
| **अनुच्छेद-8** | भारत के बाहर रहने वाले भारतीय उद्भव के कुछ व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार |
| **अनुच्छेद-9** | विदेशी राज्य की नागरिकता स्वेच्छा से अर्जित करने वाले व्यक्तियों का नागरिक न होना |
| **अनुच्छेद-10** | नागरिकता के अधिकारों का बना रहना |
| **अनुच्छेद-11** | संसद द्वारा नागरिकता के अधिकार का विधि द्वारा विनियमन किया जाना |

### भाग-3- मूल अधिकार (साधारण) (अनुच्छेद-12 से 35 तक)

| **अनुच्छेद-12** | **परिभाषा** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-13** | मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियाँ |

### समता का अधिकार

| **अनुच्छेद-14** | **विधि के समक्ष समता** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-15** | धर्म मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध |
| **अनुच्छेद-16** | लोक नियोजन के विषय में अवसर की क्षमता |
| **अनुच्छेद-17** | अस्पृश्यता का अंत |
| **अनुच्छेद-18** | उपाधियों का अंत |

### स्वातंत्र्य का अधिकार

| **अनुच्छेद-19** | **वाक्-स्वातंत्र्य आदि विषयक कुछ अधिकारों का संरक्षण** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-20** | अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण |
| **अनुच्छेद-21** | प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण |
| **अनुच्छेद-21 A** | शिक्षा का अधिकार |
| **अनुच्छेद-22** | कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण |

## शोषण के विरुद्ध अधिकार

| अनुच्छेद-23 | मानव के दुर्व्यापार और बलात्श्रम का प्रतिषेध |
|---|---|
| अनुच्छेद-24 | कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध |

## धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

| अनुच्छेद-25 | अंत:करण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता |
|---|---|
| अनुच्छेद-26 | धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता |
| अनुच्छेद-27 | किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता |
| अनुच्छेद-28 | कुछ शिक्षा संस्थानों में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के बारे में स्वतंत्रता |

## संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार

| अनुच्छेद-29 | अल्पसंख्यक-वर्गों के हितों का संरक्षण |
|---|---|
| अनुच्छेद-30 | शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्प संख्यक वर्गों का अधिकार |
| अनुच्छेद-31 | निरसित |

## कुछ विधियों की व्यावृत्ति

| अनुच्छेद-31A | संपदाओं आदि के अर्जन के लिए उपबंध करने वाली विधियों की व्यावृत्ति |
|---|---|
| अनुच्छेद-31B | कुछ अधिनियमों और विनियमों का विधि मान्यकरण |
| अनुच्छेद-31C | कुछ निदेशक तत्वों को प्रभावी करने वाली विधियों की व्यावृत्ति |
| अनुच्छेद-31D | निरसित |

## सांविधानिक उपचारों का अधिकार

| अनुच्छेद-32 | इस भाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए उपचार |
|---|---|
| अनुच्छेद-32A | राज्य विधियों की सांविधानिक वैधता पर अनुच्छेद-32 के अधीन कार्यवाहियों विचार न किया जाना। |

| अनुच्छेद-33 | इस भाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों का, बलों आदि को लागू होने में, उपान्तरण करने की संसद की शक्ति |
|---|---|
| अनुच्छेद-34 | जब किसी क्षेत्र में सेनाविधि प्रवृत्त है तब इस भाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-35 | इस भाग के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए विधान |

## भाग–4 राज्य के नीति के निदेशक तत्त्व (अनुच्छेद 36 से 51 तक)

| अनुच्छेद-36 | परिभाषा |
|---|---|
| अनुच्छेद-37 | इस भाग में अंतर्विष्ट तत्त्वों का लागू होना |
| अनुच्छेद-38 | राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा |
| अनुच्छेद-39 | राज्य द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्त्व |
| अनुच्छेद-39A | सामान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता |
| अनुच्छेद-40 | ग्राम पंचायतों का संगठन |
| अनुच्छेद-41 | कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार |
| अनुच्छेद-42 | काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध |
| अनुच्छेद-43 | कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि |
| अनुच्छेद-43A | उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना |
| अनुच्छेद-43B | सहकारी समितियाँ, (कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी) |
| अनुच्छेद-44 | नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता |
| अनुच्छेद-45 | 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा का उपबंध |
| अनुच्छेद-46 | अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि |

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-47 | पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्तव्य |
| अनुच्छेद-48 | कृषि और पशुपालन का संगठन। |
| अनुच्छेद-48A | पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा |
| अनुच्छेद-49 | राष्ट्रीय महत्त्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण |
| अनुच्छेद-50 | कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण |
| अनुच्छेद-51 | अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि |

## भाग–4 क (मूल कर्तव्य)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-51A | मूल कर्तव्य |

## भाग-5 संघ (अनुच्छेद- 52 से 151 तक)

### अध्याय 1 कार्यपालिका, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति (अनुच्छेद 52-73)

| अनुच्छेद-52 | भारत का राष्ट्रपति |
|---|---|
| अनुच्छेद-53 | संघ की कार्यपालिका शक्ति |
| अनुच्छेद-55 | राष्ट्रपति का निर्वाचन |
| अनुच्छेद-56 | राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति |
| अनुच्छेद-57 | राष्ट्रपति की पदावधि पुनर्निर्वाचन के लिए पात्रता |
| अनुच्छेद-58 | राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए अर्हताएं |
| अनुच्छेद-59 | राष्ट्रपति के पद के लिए शर्तें |
| अनुच्छेद-60 | राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| अनुच्छेद-61 | राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया |
| अनुच्छेद-62 | राष्ट्रपति के पद में रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन करने का समय और आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति की पदावधि |
| अनुच्छेद-63 | भारत का उपराष्ट्रपति |
| अनुच्छेद-64 | उपराष्ट्रपति का राज्यसभा का पदेन सभापति होना |
| अनुच्छेद-65 | राष्ट्रपति के पद में आकस्मिक रिक्ति के दौरान या उसकी अनुपस्थिति मे उपराष्ट्रपति का राष्ट्रपति के रूप में कार्य करना या उसके कृत्यों का निर्वहन |
| अनुच्छेद-66 | उपराष्ट्रपति का निर्वाचन |
| अनुच्छेद-67 | उपराष्ट्रपति की पदावधि |
| अनुच्छेद-68 | उपराष्ट्रपति के पद में रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन करने का समय और आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति की पदावधि |
| अनुच्छेद-69 | उपराष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| अनुच्छेद-70 | अन्य आकस्मिकताओं में राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन |
| अनुच्छेद-71 | राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित या संसक्त विषय |
| अनुच्छेद-72 | क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राष्ट्रपति की शक्ति |
| अनुच्छेद-73 | संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार |

### मंत्रिपरिषद् (अनुच्छेद 74-75)

| अनुच्छेद-74 | राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् |
|---|---|
| अनुच्छेद-75 | मंत्रियों के बारे में अन्य उपबंध |

### महान्यायवादी

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-76 | भारत का महान्यायवादी |

## सरकारी कार्य का संचालन

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-77** | भारत सरकार के कार्य का संचालन |
| **अनुच्छेद-78** | राष्ट्रपति को जानकारी देने आदि के संबंध में प्रधानमंत्री के कर्तव्य |

### अध्याय-2 संसद (साधारण) (अनुच्छेद 79-122)

| अनुच्छेद-79 | संसद का गठन |
|---|---|
| **अनुच्छेद-80** | राज्यसभा की संरचना |
| **अनुच्छेद-81** | लोकसभा की संरचना |
| **अनुच्छेद-82** | प्रत्येक जनगणना के पश्चात् पुनः समायोजन |
| **अनुच्छेद-83** | संसद के सदनों की अवधि |
| **अनुच्छेद-84** | संसद की सदस्यता के लिए अर्हता |
| **अनुच्छेद-85** | संसद के सत्र, सत्रावसान और विघटन |
| **अनुच्छेद-86** | सदनों में अभिभाषण का और उनको संदेश भेजने का राष्ट्रपति का अधिकार |
| **अनुच्छेद-87** | राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण |
| **अनुच्छेद-88** | सदनों के बारे में मंत्रियों और महान्यायवादी के अधिकार |

## संसद के अधिकारी (अनुच्छेद 89-98)

| अनुच्छेद-89 | राज्यसभा का सभापति और उपसभापति |
|---|---|
| **अनुच्छेद-90** | उपसभापति का पद रिक्त होना, पदत्याग और पद से हटाया जाना |
| **अनुच्छेद-91** | सभापति के पद के कर्तव्यों का पालन करने या सभापति के रूप में कार्य करने की उपसभापति या अन्य व्यक्ति की शक्ति |
| **अनुच्छेद-92** | जब सभापति या उपसभापति को पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है तब उसका पीठासीन न होना |
| **अनुच्छेद-93** | लोकसभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष |
| **अनुच्छेद-94** | अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद रिक्त होना, पदत्याग और पद से हटाया जाना |
| **अनुच्छेद-95** | अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने या अध्यक्ष के रूप में कार्य करने की उपाध्यक्ष या अन्य व्यक्ति की शक्ति |
| **अनुच्छेद-96** | जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है तब उसका पीठासीन न होना |
| **अनुच्छेद-97** | सभापति और उपसभापति तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते |
| **अनुच्छेद-98** | संसद का सचिवालय |

## कार्य संचालन (अनुच्छेद 99-100)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-99** | सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| **अनुच्छेद-100** | सदनों में मतदान, रिक्तियों के होते हुए भी सदनों की कार्य करने की शक्ति और गणपूर्ति |

## सदस्यों की निरर्हताएँ (अनुच्छेद 101-106)

| अनुच्छेद-101 | स्थानों का रिक्त होना |
|---|---|
| **अनुच्छेद-102** | सदस्यता के लिए निरर्हताएँ |
| **अनुच्छेद-103** | सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर विनिश्चय |
| **अनुच्छेद-104** | अनुच्छेद–99 के अधीन शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने से पहले या अर्हित न होते हुए या निरर्हित किए जाने पर बैठने और मत देने के लिए शास्ति |

## संसद और उसके सदस्यों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-105** | संसद के सदनों की तथा उनके सदस्यों और समितियों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार आदि |
| **अनुच्छेद-106** | सदस्यों के वेतन और भत्ते |

## विधायी प्रक्रिया (अनुच्छेद 107-111)

| अनुच्छेद-107 | विधेयकों के पुनःस्थापन और पारित किए जाने के संबंध में उपबंध |
|---|---|
| अनुच्छेद-108 | कुछ दशाओं में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक |
| अनुच्छेद-109 | धन विधेयकों के संबंध में विशेष प्रक्रिया |
| अनुच्छेद-110 | धन विधेयक की परिभाषा |
| अनुच्छेद-111 | विधेयकों पर अनुमति |

## वित्तीय विषयों के संबंध में प्रक्रिया (अनुच्छेद 112-117)

| अनुच्छेद-112 | वार्षिक वित्तीय विवरण |
|---|---|
| अनुच्छेद-113 | संसद में प्राक्कलनों के संबंध में प्रक्रिया |
| अनुच्छेद-114 | विनियोग विधेयक |
| अनुच्छेद-115 | अनुपूरक, अतिरिक्त या अधिक अनुदान |
| अनुच्छेद-116 | लेखानुदान, प्रत्ययानुदान और अवपादानुदान |
| अनुच्छेद-117 | वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध |

## साधारण प्रक्रिया (अनुच्छेद 118-122)

| अनुच्छेद-118 | प्रक्रिया के नियम |
|---|---|
| अनुच्छेद-119 | संसद में वित्तीय कार्य संबंधी प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन |
| अनुच्छेद-120 | संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा |
| अनुच्छेद-121 | संसद में चर्चा पर निर्बधन |
| अनुच्छेद-122 | न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाहियों की जाँच न किया जाना |

## अध्याय-3- राष्ट्रपति की विधायी शक्तियाँ (अनुच्छेद 123)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-123 | संसद के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राष्ट्रपति की शक्ति |

## अध्याय-4- संघ की न्यायपालिका (अनुच्छेद 124 -147)

| अनुच्छेद-124 | उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन |
|---|---|
| अनुच्छेद-124A | राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग |
| अनुच्छेद-124B | आयोग के कृत्य |
| अनुच्छेद-124C | विधि बनाने की संसद की शक्ति |
| अनुच्छेद-125 | न्यायाधीशों के वेतन आदि |
| अनुच्छेद-126 | कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति की नियुक्ति |
| अनुच्छेद-127 | तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति |
| अनुच्छेद-128 | उच्चतम न्यायालय की बैठकों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की उपस्थिति |
| अनुच्छेद-129 | उच्चतम न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना। |
| अनुच्छेद-130 | उच्चतम न्यायालय का स्थान |
| अनुच्छेद-131 | उच्चतम न्यायालय की आरंभिक अधिकारिता |
| अनुच्छेद-132 | कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों से अपीलों में उच्चतम न्यायालय की अपीलीय अधिकारिता |
| अनुच्छेद-133 | उच्च न्यायालयों से सिविल विषयों से संबंधित अपीलों में उच्चतम न्यायालय की अपीलीय अधिकारिता |
| अनुच्छेद-134 | दांडिक विषयों में उच्चतम न्यायालय की अपीलीय अधिकारिता |
| अनुच्छेद-134A | उच्चतम न्यायालय में अपील के लिए प्रमाण पत्र |
| अनुच्छेद-135 | विद्यमान विधि के अधीन फेडरल न्यायालय की अधिकारिता और शक्तियों का उच्चतम न्यायालय द्वारा व्य होना |
| अनुच्छेद-136 | अपील के लिए उच्चतम न्यायालय की विशेष इजाज़त |

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-137** | निर्णयों या आदेशों का उच्चतम न्यायालय द्वारा पुनर्विलोकन |
| **अनुच्छेद-138** | उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता की वृद्धि |
| **अनुच्छेद-139** | कुछ रिट निकालने की शक्तियों का उच्चतम न्यायालय को प्रदत्त किया जाना |
| **अनुच्छेद-139A** | कुछ मामलों का अंतरण |
| **अनुच्छेद-140** | उच्चतम न्यायालय की आनुषंगिक शक्तियाँ |
| **अनुच्छेद-141** | उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि का सभी न्यायालयों पर आबद्ध कर होना |
| **अनुच्छेद-142** | उच्चतम न्यायालय की डिक्रियों और आदेशों का प्रवर्तन और प्रकटीकरण आदि के बारे में आदेश |
| **अनुच्छेद-143** | उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने की राष्ट्रपति की शक्ति |
| **अनुच्छेद-144** | सिविल और न्यायिक प्राधिकारियों द्वारा उच्चतम न्यायालय की सहायता से कार्य किया जाना |
| **अनुच्छेद-144 A** | विधियों की सांविधानिक वैधता से संबंधित प्रश्नों के निपटारे के बारे में विशेष उपबंध |
| **अनुच्छेद-145** | न्यायालय के नियम आदि |
| **अनुच्छेद-146** | उच्चतम न्यायालय के अधिकारी और सेवक तथा व्यय |
| **अनुच्छेद-147** | निर्वचन |

### अध्याय–5- भारत का नियंत्रक-महालेखा परीक्षक

| **अनुच्छेद-148** | **भारत का नियंत्रक-महालेखा परीक्षक** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-149** | नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के कर्तव्य और शक्तियाँ |
| **अनुच्छेद-150** | संघ के और राज्यों के लेखाओं का प्रारूप |
| **अनुच्छेद-151** | संपरीक्षा प्रतिवेदन |

### भाग-6 राज्य (अनुच्छेद- 152 से 237 तक), अध्याय-1 साधारण [अनुच्छेद 152)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-152** | परिभाषा |

### अध्याय-2, कार्यपालिका (अनुच्छेद 153-167), राज्यपाल (अनुच्छेद 153-162)

| **अनुच्छेद-153** | **राज्यों के राज्यपाल** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-154** | राज्य की कार्यपालिका शक्ति |
| **अनुच्छेद-155** | राज्यपाल की नियुक्ति |
| **अनुच्छेद-156** | राज्यपाल की पदावधि |
| **अनुच्छेद-157** | राज्यपाल नियुक्त होने के लिए अर्हताएँ |
| **अनुच्छेद-158** | राज्यपाल के पद के लिए शर्तें |
| **अनुच्छेद-159** | राज्यपाल द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| **अनुच्छेद-160** | कुछ आकस्मिकताओं में राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन |
| **अनुच्छेद-161** | क्षमा आदिकी और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति |
| **अनुच्छेद-162** | राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार |

### राज्य मंत्रिपरिषद् (अनुच्छेद 163-164)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-163** | राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् |
| **अनुच्छेद-164** | मंत्रिपरिषद् मंत्रियों के बारे में अन्य उपबंध |

### राज्य का महाधिवक्ता (अनुच्छेद 165)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-165** | राज्य का महाधिवक्ता |

### सरकारी कार्य का संचालन (अनुच्छेद 166-167)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-166** | राज्य की सरकार के कार्य का संचालन |
| **अनुच्छेद-167** | राज्यपाल को जानकारी देने आदि के संबंध में मुख्यमंत्री के कर्तव्य |

## अध्याय-3- राज्य का विधान-मंडल (अनुच्छेद 168-177)

| अनुच्छेद-168 | राज्यों के विधान-मंडलों का गठन |
|---|---|
| अनुच्छेद-169 | राज्यों में विधान परिषदों का उत्पादन या सृजन |
| अनुच्छेद-170 | विधान सभाओं की संरचना |
| अनुच्छेद-171 | विधान परिषदों की संरचना |
| अनुच्छेद-172 | राज्यों के विधान-मंडलों की अवधि |
| अनुच्छेद-173 | राज्य के विधान-मंडल की सदस्यता के लिए अर्हता |
| अनुच्छेद-174 | राज्य के विधानमंडल के सत्र, सत्रावसान और विघटन |
| अनुच्छेद-175 | सदन या सदनों में अभिभाषण का और उनको संदेश भेजने का राज्यपाल का अधिकार |
| अनुच्छेद-176 | राज्यपाल का विशेष अभिभाषण |
| अनुच्छेद-177 | सदनों के बारे में मंत्रियों और महाधिवक्ता के अधिकार |

## राज्य के विधान-मंडल के अधिकारी (अनुच्छेद 178-187)

| अनुच्छेद-178 | विधानसभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष |
|---|---|
| अनुच्छेद-179 | अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद रिक्त होना, पदत्याग और पद से हटाया जाना |
| अनुच्छेद-180 | अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने या अध्यक्ष के रूप में कार्य करने की उपाध्यक्ष या अन्य व्यक्ति की शक्ति |
| अनुच्छेद-181 | जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है तब उसका पीठासीन न होना |
| अनुच्छेद-182 | विधान परिषद् का सभापति और उपसभापति |
| अनुच्छेद-183 | सभापति और उपसभापति का पद रिक्त होना, पदत्याग और पद से हटाया जाना |
| अनुच्छेद-184 | सभापति के पद के कर्तव्यों का पालन करने या सभापति के रूप में कार्य करने की उपसभापति या अन्य व्यक्ति की शक्ति |
| अनुच्छेद-185 | जब सभापति या उपसभापति को पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है तब उसका पीठासीन न होना |
| अनुच्छेद-186 | अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा सभापति और उपसभापति के वेतन और भत्ते |
| अनुच्छेद-187 | राज्य के विधानमंडल का सचिवालय |

## कार्य संचालन (अनुच्छेद 188-189)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-188 | सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| अनुच्छेद-189 | सदनों में मतदान, रिक्तियों के होते हुए भी सदनों की कार्य करने की शक्ति और गणपूर्ति |

## सदस्यों की निरर्हताएँ (अनुच्छेद 190-196)

| अनुच्छेद-190 | स्थानों का रिक्त होना |
|---|---|
| अनुच्छेद-191 | सदस्यता के लिए निरर्हताएँ |
| अनुच्छेद-192 | सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर विनिश्चय |
| अनुच्छेद-193 | अनुच्छेद 188 के अधीन शपथ लेने या प्रतिज्ञा करने से पहले या अर्हित न होते हुए या निरर्हित किए जाने पर बैठने और मत देने के लिए शास्ति |

## राज्यों के विधानमंडलों और उनके सदस्यों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-194 | विधानमंडलों के सदनों की तथा उनके सदस्यों और समितियों की शक्तियाँ विशेषाधिकार, आदि |
| अनुच्छेद-195 | सदस्यों के वेतन और भत्ते |

## विधायी प्रक्रिया (अनुच्छेद 196-201)

| अनुच्छेद-196 | विधेयकों के पुरःस्थापन और पारित किए जाने के संबंध में उपबंध |
|---|---|
| अनुच्छेद-197 | धन विधेयकों से भिन्न विधेयकों के बारे में विधान परिषद् की शक्तियों पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-198 | धन विधेयकों के संबंध में विशेष प्रक्रिया |
| अनुच्छेद-199 | "धन विधेयक" की परिभाषा |
| अनुच्छेद-200 | विधेयकों पर अनुमति |
| अनुच्छेद-201 | विचार के लिए आरक्षित विधेयक |

## वित्तीय विषयों के संबंध में प्रक्रिया (अनुच्छेद 202-207)

| अनुच्छेद-202 | वार्षिक वित्तीय विवरण |
|---|---|
| अनुच्छेद-203 | विधान-मंडल में प्राक्कलनों के संबंध में प्रक्रिया |
| अनुच्छेद-204 | विनियोग विधेयक |
| अनुच्छेद-205 | अनुपूरक, अतिरिक्त या अधिक अनुदान |
| अनुच्छेद-206 | लेखानुदान, प्रत्ययानुदान और अपवादानुदान |
| अनुच्छेद-207 | वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध |

## साधारणतया प्रक्रिया (अनुच्छेद 208-212)

| अनुच्छेद-208 | प्रक्रिया के नियम |
|---|---|
| अनुच्छेद-209 | राज्य के विधान-मंडल में वित्तीय कार्य संबंधी प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन |
| अनुच्छेद-210 | विधान-मंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा |
| अनुच्छेद-211 | विधान-मंडल में चर्चा पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-212 | न्यायालयों द्वारा विधान-मंडल की कार्यवाहियों की जाँच न किया जाना |

## अध्याय-4- राज्यपाल की विधायी शक्ति (अनुच्छेद 213)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-213 | विधान-मंडल के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति |

## अध्याय- 5- राज्यों के उच्च न्यायालय (अनुच्छेद 214-232)

| अनुच्छेद-214 | राज्यों के लिए उच्च न्यायालय |
|---|---|
| अनुच्छेद-215 | उच्च न्यायालयों का अभिलेख न्यायालय होना |
| अनुच्छेद-216 | उच्च न्यायालयों का गठन |
| अनुच्छेद-217 | उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति और उसके पद की शर्तें |
| अनुच्छेद-218 | उच्चतम न्यायालय से संबंधित कुछ उपबंधों का उच्च न्यायालयों को लागू होना |
| अनुच्छेद-219 | उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| अनुच्छेद-220 | स्थायी न्यायाधीश रहने के पश्चात् विधि-व्यवसाय पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-221 | न्यायाधीशों के वेतन आदि |
| अनुच्छेद-222 | किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय को अंतरण |
| अनुच्छेद-223 | कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति की नियुक्ति |
| अनुच्छेद-224 | अपर और कार्यकारी न्यायाधीशों की नियुक्ति |
| अनुच्छेद-224A | उच्च न्यायालयों की बैठकों में सेवा-निवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति |
| अनुच्छेद- 225 | विद्यमान उच्च न्यायालयों की अधिकारिता |
| अनुच्छेद-226 | कुछ रिट निकालने की उच्च न्यायालय की शक्ति |
| अनुच्छेद-227 | सभी न्यायालयों के अधीक्षण की उच्च न्यायालय की शक्ति |
| अनुच्छेद-228 | कुछ मामलों का उच्च न्यायालय को अंतरण |
| अनुच्छेद-229 | उच्च न्यायालयों के अधिकारी और सेवक तथा व्यय |

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-230** | उच्च न्यायालयों की अधिकारिता का संघ राज्य क्षेत्रों पर विस्तार |
| **अनुच्छेद-231** | दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना |

## अध्याय-6- अधीनस्थ न्यायालय (अनुच्छेद 233-237)

| **अनुच्छेद-233** | **जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-233A** | कुछ जिला न्यायाधीशों की नियुक्तियों का और उनके द्वारा किए गए निर्णयों आदि का विधिमान्यकरण |
| **अनुच्छेद-234** | न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीशों से भिन्न व्यक्तियों की भर्ती |
| **अनुच्छेद-235** | अधीनस्थ न्यायालयों पर नियंत्रण |
| **अनुच्छेद-236** | निर्वचन |
| **अनुच्छेद-237** | कुछ वर्ग या वर्गों के मजिस्ट्रेटों पर इस अध्याय के उपबंधों का लागू होगा |

## भाग-7 (अनुच्छेद-238)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-238** | निरसित |

## भाग-8- संघ राज्य क्षेत्र (अनुच्छेद-239 से 242 तक)

| **अनुच्छेद-239** | **संघ राज्य क्षेत्रों का प्रशासन** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-239A** | कुछ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए स्थानीय विधान-मंडलों या मंत्रि-परिषदों का या दोनों का सृजन |
| **अनुच्छेद-239AA** | दिल्ली के संबंध में विशेष उपबंध |
| **अनुच्छेद-239AB** | सांविधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में उपबंध |
| **अनुच्छेद-239B** | विधान-मंडल के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की प्रशासक की शक्ति |
| **अनुच्छेद-240** | कुछ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विनियम बनाने की राष्ट्रपति की शक्ति |
| **अनुच्छेद-241** | संघ राज्य क्षेत्रों के लिए उच्च न्यायालय |
| **अनुच्छेद-242** | निरसित |

## भाग–9- पंचायत अनुच्छेद 243 से 243 O तक

| **अनुच्छेद-243** | **परिभाषाएँ** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-243A** | ग्राम सभा |
| **अनुच्छेद-243B** | पंचायतों का गठन |
| **अनुच्छेद-243C** | पंचायतों की संरचना |
| **अनुच्छेद-243D** | स्थानों का आरक्षण |
| **अनुच्छेद-243E** | पंचायतों की अवधि, आदि |
| **अनुच्छेद-243F** | सदस्यता के लिए निरर्हताएँ |
| **अनुच्छेद-243G** | पंचायतों की शक्तियाँ, प्राधिकार और उत्तरदायित्व |
| **अनुच्छेद-243H** | पंचायतों द्वारा कर अधिरोपित करने की शक्तियाँ और उनकी निधियाँ |
| **अनुच्छेद-243I** | वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग का गठन |
| **अनुच्छेद-243J** | पंचायतों के लेखाओं की संपरीक्षा |
| **अनुच्छेद-243K** | पंचायतों के लिए निर्वाचन |
| **अनुच्छेद-243L** | संघ राज्य क्षेत्रों को लागू होना |
| **अनुच्छेद-243M** | इस भाग का कतिपय क्षेत्रों को लागू न होना |
| **अनुच्छेद-243N** | विद्यमान विधियों और पंचायतों का बना रहना |
| **अनुच्छेद-243O** | निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन |

## भाग–9क- नगरपालिकाएँ (अनुच्छेद 243 त से 243 यछ, तक)

| अनुच्छेद-243P | परिभाषाएँ |
|---|---|
| अनुच्छेद-243Q | नगरपालिकाओं का गठन |
| अनुच्छेद-243R | नगरपालिकाओं की संरचना |
| अनुच्छेद-243S | वार्ड समितियों, आदि का गठन और संरचना |
| अनुच्छेद-243T | स्थानों का आरक्षण |
| अनुच्छेद-243U | नगरपालिकाओं की अवधि, आदि |
| अनुच्छेद-243V | सदस्यता के लिए निरर्हताएँ |
| अनुच्छेद-243W | नगरपालिकाओं आदि की शक्तियाँ, प्राधिकार और उत्तरदायित्व |
| अनुच्छेद-243X | नगरपालिकाओं द्वारा कर अधिरोपित करने की शक्ति और उनकी निधियाँ |
| अनुच्छेद-243Y | वित्त आयोग |
| अनुच्छेद-243Z | नगरपालिकाओं के लेखाओं की संपरीक्षा |
| अनुच्छेद-243ZA | नगरपालिकाओं के लिए निर्वाचन |
| अनुच्छेद-243ZB | संघ राज्य क्षेत्रों को लागू होना |
| अनुच्छेद-243ZC | इस भाग का कतिपय क्षेत्रों को लागू होना |
| अनुच्छेद-243ZD | जिला योजना के लिए समिति |
| अनुच्छेद-243ZE | महानगर योजना के लिए समिति |
| अनुच्छेद-243ZF | विद्यमान विधियों और नगरपालिकाओं का बना रहना |
| अनुच्छेद-243ZG | निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन |

## भाग–9 B- सहकारी समितियाँ (अनुच्छेद 243 ZH से 243 ZT तक)

| अनुच्छेद-243ZH | परिभाषाएँ |
|---|---|
| अनुच्छेद-243ZI | सहकारी सोसाइटियों का निगमन |
| अनुच्छेद-243ZJ | बोर्ड के सदस्यों और उसके पदाधिकारियों की संख्या एवं पदावधि |
| अनुच्छेद-243ZK | बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन |
| अनुच्छेद-243ZL | बोर्ड का अधिक्रमण और निलंबन तथा अंतरिम प्रबंधन |
| अनुच्छेद-243ZM | सहकारी सोसाइटियों के लेखाओं की संपरीक्षा |
| अनुच्छेद-243ZN | साधारण निकाय की बैठक संयोजित करना |
| अनुच्छेद-243ZO | सूचना प्राप्त करने का सदस्य का अधिकार |
| अनुच्छेद-243ZP | विवरणियाँ |
| अनुच्छेद-243ZQ | अपराध और शस्तियाँ |
| अनुच्छेद-243ZR | बहुराज्य सहकारी सोसाइटियों का लागू होना |
| अनुच्छेद-243ZS | संघ राज्य क्षेत्रों का लागू होना |
| अनुच्छेद-243ZT | विद्यमान विधियों का जारी रहना |

## भाग-10- अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र (अनुच्छेद-244 से 244 क तक)

| अनुच्छेद-244 | **अनुसूचित क्षेत्रों और जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन** |
|---|---|
| अनुच्छेद-244A | असम के कुछ जनजाति क्षेत्रों को समाविष्ट करने वाला एक स्वशासी राज्य बनाना और उसके लिए स्थानीय विधान-मंडल या मंत्रि-परिषद् का या दोनों का सृजन |

## भाग–11- संघ और राज्यों के बीच संबंध (अनुच्छेद- 245 से 263 तक)

### अध्याय-1 - विधायी संबंध (अनुच्छेद 245-255) विधायी शक्तियों का वितरण

| अनुच्छेद-245 | संसद द्वारा और राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा बनाई गई विधियों का विस्तार |
|---|---|
| अनुच्छेद-246 | संसद द्वारा और राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा बनाई गई विधियों की विषय-वस्तु |
| अनुच्छेद-246A | माल और सेवाओं के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-247 | कुछ अतिरिक्त न्यायालयों की स्थापना का उपबंध करने की संसद की शक्ति |
| अनुच्छेद-248 | अविशिष्ट विधायी शक्तियाँ |
| अनुच्छेद-249 | राज्य सूची के विषय के संबंध में राष्ट्रीय हित में विधि बनाने की संसद की शक्ति |
| अनुच्छेद-250 | यदि आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में हो तो राज्यसूची के विषय के संबंध में विधि बनाने की संसद की शक्ति |
| अनुच्छेद-251 | संसद द्वारा अनुच्छेद 249 और अनुच्छेद 250 के अधीन बनाई गई विधियों और राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा बनाई गई विधियों में असंगति |
| अनुच्छेद-252 | दो या अधिक राज्यों के लिए उनकी सहमति से विधि बनाने की संसद की शक्ति और ऐसी विधि का किसी अन्य राज्य द्वारा अंगीकार किया जाना |
| अनुच्छेद-253 | अंतरराष्ट्रीय करारों को प्रभावी करने के लिए विधान |
| अनुच्छेद-254 | संसद द्वारा बनाई गई विधियों और राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा बनाई गई विधियों में असंगति |
| अनुच्छेद-255 | सिफारिशों और पूर्व मंजूरी के बारे में अपेक्षाओं को केवल प्रक्रिया के विषय मानना |

### अध्याय-2- प्रशासनिक संबंध साधारण (अनुच्छेद 256-261)

| अनुच्छेद-256 | राज्यों की ओर संघ की बाध्यता |
|---|---|
| अनुच्छेद-257 | कुछ दशाओं में राज्यों पर संघ का नियंत्रण |
| अनुच्छेद-257A | निरसित |
| अनुच्छेद-258 | कुछ दशाओं में राज्यों को शक्ति प्रदान करने आदि की संघ की शक्ति |
| अनुच्छेद-258A | संघ को कृत्य सौंपने की राज्यों की शक्ति |
| अनुच्छेद-259 | निरसित |
| अनुच्छेद-260 | भारत के बाहर के राज्यक्षेत्रों के संबंध में संघ की अधिकारिता |
| अनुच्छेद-261 | सार्वजनिक कार्य, अभिलेख और न्यायिक कार्यवाहियाँ |

### जल संबंधी विवाद (अनुच्छेद 262)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-262 | अंतराज्यिक नदियों या नदी-दूनों के जल संबंधी विवादों का न्याय निर्णयन |

### राज्यों के बीच समन्वय (अनुच्छेद 263)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-263 | अंतरराज्य परिषद् के संबंध में उपबंध |

## भाग-12- वित्त, संपत्ति, संविदाएँ और वाद (अनुच्छेद- 264 से 300 क तक)

### अध्याय-1 वित्त साधारण (अनुच्छेद 264-281)

| अनुच्छेद-264 | निर्वचन |
|---|---|
| अनुच्छेद-265 | विधि के प्राधिकार के बिना करों का अधिरोपण न किया जाना |
| अनुच्छेद-266 | भारत और राज्यों की संचित निधियाँ और लोक लेखे |
| अनुच्छेद-267 | आकस्मिकता निधि |

### संघ और राज्यों के बीच राजस्वों का वितरण

| अनुच्छेद-268 | संघ द्वारा उद्गृहीत किए जाने वाले किंतु राज्यों द्वारा संगृहीत और विनियोजित किए जाने वाले शुल्क |
|---|---|
| अनुच्छेद-268A | संघ द्वारा उद्ग्रहीत किया जाने वाला और संघ तथा राज्यों द्वारा संग्रहीत और विनियोजित किया जाने वाला सेवाकर |

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-269** | संघ द्वारा उद्ग्रहीत और संगृहीत किंतु राज्यों को सौंपे जाने वाले कर |
| **अनुच्छेद-269A** | अन्तरराज्यिक व्यापार या वाणिज्य के दौरान माल एवं सेवाकर का उद्ग्रहण और संग्रहण |
| **अनुच्छेद-270** | उद्ग्रहीत कर और उनका संघ तथा राज्यों के बीच वितरण |
| **अनुच्छेद-271** | कुछ शुल्कों और करों पर संघ के प्रयोजनों के लिए अधिभार |
| **अनुच्छेद-272** | निरसित |
| **अनुच्छेद-273** | जूट पर और जूट उत्पादों पर निर्यात शुल्क के स्थान पर अनुदान |
| **अनुच्छेद-274** | ऐसे कराधान पर जिसमें राय हितबद्ध है, प्रभाव डालने वाले विधेयकों के लिए राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की अपेक्षा |
| **अनुच्छेद-275** | कुछ राज्यों को संघ से अनुदान |
| **अनुच्छेद-276** | वृत्तियों, व्यापारों, आजीविकाओं और नियोजनों पर कर |
| **अनुच्छेद-277** | व्यावृत्ति |
| **अनुच्छेद-278** | निरसित |
| **अनुच्छेद-279** | "शुद्ध आगम"आदि की गणना |
| **अनुच्छेद-279A** | माल और सेवाकर परिषद् |
| **अनुच्छेद-280** | वित्त आयोग |
| **अनुच्छेद-281** | वित्त आयोग की सिफारिशें |

**<u>प्रकीर्ण वित्तीय उपबंध (अनुच्छेद 282-291)</u>**

| **अनुच्छेद-282** | **संघ या राज्य द्वारा अपने राजस्व से किए जाने वाले व्यय** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-283** | संचित निधियों, आकस्मिकता, निधियों और लोकलेखाओं में जमा धनराशियों की अभिरक्षा आदि |
| **अनुच्छेद-284** | लोक सेवकों और न्यायालयों द्वारा प्राप्त वादकर्ताओं की जमा राशियों और अन्य धनराशियों की अभिरक्षा |
| **अनुच्छेद-285** | संघ की संपत्ति को राज्य के कराधान से छूट |
| **अनुच्छेद-286** | माल के क्रय या विक्रय पर कर के अधिरोपण के बारे में निर्बंधन |
| **अनुच्छेद-287** | विद्युत पर करों से छूट |
| **अनुच्छेद-288** | जल या विद्युत के संबंध में राज्यों द्वारा कराधान से कुछ दशाओं में छूट |
| **अनुच्छेद-289** | राज्यों की संपत्ति और आय को संघ के कराधान से छूट |
| **अनुच्छेद-290** | कुछ व्ययों और पेंशनों के संबंध में समायोजन |
| **अनुच्छेद-290A** | कुछ देवस्वम् निधियों को वार्षिक संदाय |
| **अनुच्छेद-291** | निरसित |

**अध्याय-2 - उधार लेना (अनुच्छेद 292-293)**

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-292** | **भारत सरकार द्वारा उधार लेना** |
| **अनुच्छेद-293** | **राज्यों द्वारा उधार लेना** |

**अध्याय-3- संपत्ति, संविदाएँ, अधिकार, दायित्त्व, बाध्यताएँ और वाद (अनुच्छेद 294-300)**

| **अनुच्छेद-294** | **कुछ दशाओं में सम्पत्ति, आस्तियों अधिकारों, दायित्त्वों और बाध्यताओं का उत्तराधिकार** |
|---|---|
| **अनुच्छेद-295** | अन्य दशाओं में संपत्ति, आस्तियों अधिकारों, दायित्त्वों और बाध्यताओं का उत्तराधिकार |
| **अनुच्छेद-296** | राजगामी या व्यपगत या स्वामीविहीन होने से प्रोद्भूत संपत्ति |
| **अनुच्छेद-297** | राज्य क्षेत्रीय सागर-खंड या महाद्वीप मग्नतट भूमि में स्थित मूल्यवान चीजों और अनन्य आर्थिक क्षेत्र के संपत्ति स्रोतों का संघ में निहित होना |
| **अनुच्छेद-298** | व्यापार करने आदि की शक्ति |
| **अनुच्छेद-299** | संविदाएँ |
| **अनुच्छेद-300** | वाद और कार्यवाहियाँ |

## अध्याय–4 - संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 300क)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-300A | विधि के प्राधिकार के बिना व्यक्तियों को संपत्ति से वंचित न किया जाना |

## भाग–13- भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य वाणिज्य और समागम (अनुच्छेद-301 से 307 तक)

| अनुच्छेद-301 | व्यापार, वाणिज्य और समागम की स्वतंत्रता |
|---|---|
| अनुच्छेद-302 | व्यापार, वाणिज्य और समागम पर निर्बंधन अधिरोपित करने की संसद की शक्ति व्यापार |
| अनुच्छेद-303 | वाणिज्य के संबंध संघ और राज्यों की विधायी शक्तियों पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-304 | राज्यों के बीच व्यापार, वाणिज्य और समागम पर निर्बंधन |
| अनुच्छेद-305 | विद्यमान विधियों और राज्य के एकाधिकार का उपबंध करने वाली विधियों की व्यावृत्ति |
| अनुच्छेद-306 | निरसित |
| अनुच्छेद-307 | अनुच्छेद–301 से अनुच्छेद–304 के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए प्राधिकारी की नियुक्ति |

## भाग – 14- संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ (अनुच्छेद-308 से 314 तक)

### अध्याय-1 सेवाएँ (अनुच्छेद 308-314)

| अनुच्छेद-308 | निर्वचन |
|---|---|
| अनुच्छेद-309 | संघ या राज्य की सेवा करने वाले व्यक्तियों की भर्ती और सेवा की शर्त |
| अनुच्छेद-310 | संघ या राज्य की सेवा करने वाले व्यक्तियों की पदावधि |
| अनुच्छेद-311 | संघ याराज्य के अधीन सिविल हैसियत में नियोजित व्यक्तियों का पदच्युत किया जाना पद से हटाया जाना या पंक्ति में<br>अवनत किया जाना |
| अनुच्छेद-312 | अखिल भारतीय सेवाएँ |
| अनुच्छेद-312A | कुछ सेवाओं के अधिकारियों की सेवा की शो में परिवर्तन करने या उन्हें प्रतिसंहृत करने की संसद की शक्ति |
| अनुच्छेद-313 | संक्रमणकालीन उपबंध |
| अनुच्छेद-314 | निरसित |

### अध्याय–2 - लोक सेवा आयोग (अनुच्छेद 315-323)

| अनुच्छेद-315 | संघ और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोग |
|---|---|
| अनुच्छेद-316 | सदस्यों की नियुक्ति और पदावधि |
| अनुच्छेद-317 | लोक सेवा आयोग के किसी सदस्य का हटाया जाना और निलंबित किया जाना |
| अनुच्छेद-318 | आयोग के सदस्यों और कर्मचारिवृंद की सेवा की शर्तों के बारे में विनिमय बनाने की शक्ति |
| अनुच्छेद-319 | आयोग के सदस्यों द्वारा ऐसे सदस्य न रहने पर पद धारण करने के संबंध में प्रतिषेध |
| अनुच्छेद-320 | लोक सेवा आयोग के कृत्य |
| अनुच्छेद-321 | लोक सेवा आयोगों के व्यय लोक कृत्यों का विस्तार करने की शक्ति |
| अनुच्छेद-322 | लोक सेवा आयोगों के व्यय |
| अनुच्छेद-323 | लोक सेवा आयोग के प्रतिवेदन |

## भाग-14 क अधिकरण – (अनुच्छेद-323 क से 323 ख)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-323A | **प्रशासनिक अधिकरण** |
| अनुच्छेद-323B | अन्य विषयों के लिए अधिकरण |

## भाग-15 निर्वाचन - (अनुच्छेद-324 से 329 तक)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-324** | **निर्वाचन के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होना।** |
| **अनुच्छेद-325** | धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना। |
| **अनुच्छेद-326** | लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना |
| **अनुच्छेद-327** | विधान-मंडलों के निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की संसद की शक्ति |
| **अनुच्छेद-328** | किसी राज्य के विधान-मंडल के लिए निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की उस विधान-मंडल की शक्ति |
| **अनुच्छेद-329** | निर्वाचन संबधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन |

## भाग- 16 कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध- (अनुच्छेद-330 से 342 तक)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-330** | **लोकसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण** |
| **अनुच्छेद-331** | लोकसभा में आंग्ल - भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व |
| **अनुच्छेद-332** | राज्यों की विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण |
| **अनुच्छेद-333** | राज्यों की विधानसभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व |
| **अनुच्छेद-334** | स्थानों के आरक्षण और विशेष प्रतिनिधित्व का 70 वर्ष के पश्चात् न रहना |
| **अनुच्छेद-335** | सेवाओं और पदों के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावे |
| **अनुच्छेद-336** | कुछ सेवाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय के लिए विशेष उपबंध |
| **अनुच्छेद-337** | आंग्ल-भारतीय समुदाय के फायदे के लिए शैक्षिक अनुदान के लिए विशेष उपबंध |
| **अनुच्छेद-338** | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग |
| **अनुच्छेद-338A** | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग |
| **अनुच्छेद-338B** | पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग |
| **अनुच्छेद-339** | अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के बारे में संघ का नियंत्रण |
| **अनुच्छेद-340** | पिछड़े वर्गों की दशाओं में अन्वेषण के लिए आयोग की नियुक्ति |
| **अनुच्छेद-341** | अनुसूचित जातियाँ |
| **अनुच्छेद-342** | अनुसूचित जन जातियाँ |
| **अनुच्छेद-342A** | सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग |

## भाग–17 राजभाषा (अनुच्छेद-343 से 351 तक)- अध्याय–1 संघ की भाषा

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-343** | संघ की राजभाषा |
| **अनुच्छेद-344** | राज भाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति |

## अध्याय-2 प्रादेशिक भाषाएँ- (अनुच्छेद 345-347)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-345** | **राज्य की राजभाषा या राज भाषाएँ** |
| **अनुच्छेद-346** | एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच या किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा |
| **अनुच्छेद-347** | किसी राज्य की जनसंख्या के किसी अनुभाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबंध |

## अध्याय–3 उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों की भाषा- (अनुच्छेद 348, 349)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-348** | उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में और अधिनियमों, विधेयकों आदि के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा |
| **अनुच्छेद-349** | भाषा से संबंधित कुछ विधियाँ अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया |

## अध्याय–4 विशेष निर्देश - (अनुच्छेद 350-351)

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-350** | **व्यथा के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा** |
| **अनुच्छेद-350A** | प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएँ |
| **अनुच्छेद-350B** | भाषाई अल्पसंख्यक-वर्गों के लिए विशेष अधिकारी |
| **अनुच्छेद-351** | हिन्दी भाषा के विकास के लिए निर्देश |

## भाग-18 आपात उपबंध- (अनुच्छेद-352 से 360 तक)

| अनुच्छेद-352 | आपात की उद्‌घोषणा |
|---|---|
| अनुच्छेद-353 | आपात की उद्‌घोषणा का प्रभाव |
| अनुच्छेद-354 | जब आपात की उद्‌घोषणा प्रवर्तन में है तब राजस्वों के वितरण संबंधी उपबंधों का लागू होना |
| अनुच्छेद-355 | बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्य की सुरक्षा करने का संघ का कर्तव्य |
| अनुच्छेद-356 | राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में उपबंध |
| अनुच्छेद-357 | अनुच्छेद-356 के अधीन की गई उद्‌घोषणा के अधीन विधायी शक्तियों का प्रयोग |
| अनुच्छेद-358 | आपात के दौरान अनुच्छेद-19 के उपबंधों का निलंबन |
| अनुच्छेद-359 | आपात के दौरान भाग-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन का निलंबन |
| अनुच्छेद-359A | Rep. w.e.f. 6-1-1990 by Sixty Third Amendment Act, Sec.30 |
| अनुच्छेद-360 | वित्तीय आपात के बारे में उपबंध |

## भाग–19 प्रकीर्ण- (अनुच्छेद- 361 से 367 तक)

| अनुच्छेद-361 | राष्ट्रपति, राज्यपालों और राज प्रमुखों का संरक्षण |
|---|---|
| अनुच्छेद-361A | संसद और राज्यों के विधान-मंडलों की कार्यवाहियों के प्रकाशन का संरक्षण |
| अनुच्छेद-361B | लाभप्रद राजनीतिक पद पर नियुक्ति की निरर्हता |
| अनुच्छेद-362 | निरसित |
| अनुच्छेद-363 | कुछ संधियों, करारों आदि से उत्पन्न विवादों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन |
| अनुच्छेद-363A | देशी राज्यों के शासकों को दी गई मान्यता की समाप्ति और निजी थैलियों का अंत |
| अनुच्छेद-364 | महापत्तनों और विमान क्षेत्रों के बारे में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-365 | संघ द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने में या उनको प्रभावी करने में असफलता का प्रभाव |
| अनुच्छेद-366 | परिभाषाएँ |
| अनुच्छेद-367 | निर्वचन |

## भाग-20 संविधान का संशोधन- (अनुच्छेद 368)

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद-368 | संविधान का संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसके लिए प्रक्रिया |

## भाग-21 अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष उपबंध- (अनुच्छेद-369 से 392)

| अनुच्छेद-369 | राज्य सूची के कुछ विषयों के संबंध में विधि बनाने की संसद की इस प्रकार अस्थायी शक्ति मानों वे समव के विषय हों |
|---|---|
| अनुच्छेद-370 | जम्मू–कश्मीर राज्य के संबंध में अस्थायी उपबंध |
| अनुच्छेद-371 | महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371A | नागालैण्ड राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371B | असम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371C | मणिपुर राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371D | आंध्र प्रदेश राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371E | आंध्र प्रदेश में केन्द्रीय विश्वविधालय की स्थापना |
| अनुच्छेद-371F | सिक्किम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371G | मिज़ोरम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371H | अरुणाचल प्रदेश राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371I | गोवा राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-371J | कर्नाटक गोवा राज्य के संबंध में विशेष उपबंध |
| अनुच्छेद-372 | विद्यमान विधियों का प्रवृत्त बने रहना और उनका अनुकूलन |
| अनुच्छेद-372A | विधियों का अनुकूलन करने की राष्ट्रपति की शक्ति |

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-373** | निवारक निरोध में रखे गए व्यक्तियों के संबंध में कुछ दशाओं में आदेश करने की राष्ट्रपति की शक्ति |
| **अनुच्छेद-374** | फेडरल न्यायालय के न्यायाधीशों और फेडरल न्यायालय में या सपरिषद् हिज मजेस्टी के समक्ष लम्बित कार्यवाहियों के बारे में उपबंध |
| **अनुच्छेद-375** | संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए न्यायालयों, प्राधिकारियों और अधिकारियों का कृत्य करते रहना |
| **अनुच्छेद-376** | उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के बारे में उपबंध |
| **अनुच्छेद-377** | भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के बारे में उपबंध |
| **अनुच्छेद-378** | लोकसेवा आयोगों के बारे में उपबंध |
| **अनुच्छेद-378A** | आंध्र प्रदेश विधानसभा की अवधि के बारे में विशेष उपबंध |
| **अनुच्छेद-379-391** | निरसित |
| **अनुच्छेद-392** | कठिनाइयों को दूर करने की राष्ट्रपति की शक्ति |

## भाग-22 संक्षिप्त नाम, प्रारंभ, हिन्दी के प्राधिकृत पाठ और निरसन

**(अनुच्छेद 393 से 395)**

| | |
|---|---|
| **अनुच्छेद-393** | **संक्षिप्त नाम** |
| **अनुच्छेद-394** | प्रारंभ-कुछ अनुच्छेद 26 नवम्बर, 1949 से लागू |
| **अनुच्छेद-394A** | हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ |
| **अनुच्छेद-395** | निरसन |